**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 13.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है भारतीय सशस्त्र बलों का ऑपरेशन सिंदूर केवल एक नाम नही है–यह राष्ट्र की सामूहिक भावनाओं का शक्तिशाली प्रतीक है।

2. श्री मोदी ने कहा कि जब देश एकजुट होता है तो फौलादी निर्णय लिए जाते हैं।

3. भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के वैज्ञानिक ने द्वीपसमूह में जंगली केले की एक अनोखी प्रजाति की खोज की है।

4. जहाजरानी निदेशालय ने एम वी कैम्पबेल–बे की यात्रा की संभावित तिथि की घोषणा की है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारतीय सशस्त्र बलों का ऑपरेशन सिंदूर केवल एक नाम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की सामूहिक भावनाओं का एक शक्तिशाली प्रतीक है। आज शाम राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने अपना लक्ष्य पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। श्री मोदी ने सशस्त्र बलों को सलाम करते हुए कहा कि देश की सेना को आतंकियों को मिटाने के लिए खुली छूट दी गई। उन्होंने कहा कि वीर सैनिकों ने अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। श्री मोदी ने देश की हर बेटी को यह पराक्रम समर्पित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकी हमारी बहन–बेटियों का सिंदूर मिटाने का अर्थ अच्छी तरह से समझ गए हैं।

उन्होंने कहा कि हर प्रकार के आंतकवाद के खिलाफ हम सभी का एकजुट रहना हमारी एकता हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।

श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकियों के विरूद्ध कार्रवाई की जगह हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, इसके जवाब में उसे मुंह की खानी पड़ी। उन्होंने कहा कि भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के हमलों को पूरी तरह नाकाम कर दिया। श्री मोदी ने कहा कि जब देश एकजुट होता है तो फौलादी निर्णय लिए जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर अपनी कार्रवाई रोकी नहीं बल्कि स्थगित की है। उन्होंने कहा कि आतंक को कतई बर्दाशत नहीं करने की नीति बेहतर दुनिया की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आंतक पर केवल अपनी शर्तो पर बात करेगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन की सराहना की और कहा कि यह पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ देश की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री नड्डा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत प्रधानमंत्री ने भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता का जिक्र करते हुए एक बार फिर पाकिस्तान को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर पाकिस्तान के साथ बातचीत होगी तो वह सिर्फ आतंकवाद और पाक अधिकृत कश्मीर पर ही होगी।

<><><><><><><>

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के वैज्ञानिक लाल जी सिंह ने द्वीपसमूह में जंगली केले की एक अनोखी प्रजाति की खोज की है, जिसे वैज्ञानिक भाषा में मूसा इंडंडा–मैनेंसिस नाम दिया गया है, जिसके नाम जंगली केले के सबसे लंबे फल का भारतीय रिकॉर्ड है। इस केले के नमूने कोलकाता के संग्रहालय में जनता के लिए जमा किए गए हैं। वनस्पति वैज्ञानिक डॉ. लालजी सिंह द्वारा वनस्पति जगत में

किए गए योगदान को सम्मानित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय वनस्पतियों शास्त्रियों द्वारा विभिन्न वनस्पतियों का नामकरण भी इनके नाम पर किया गया है।

<><><><><>

डेटाबेस में वाहन मालिकों के मोबाइल नंबर जैसे संचार रिकॉर्ड की कमी के कारण, वाहन से संबंधित महत्वपूर्ण अलर्ट संदेश और नोटिस वाहन मालिकों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र, बीमा, ई–चालान नोटिस और कर देय की समस्या आ रही है। इसलिए, सभी वाहन मालिकों से विभिन्न वाहन संबंधी सेवाओं और अलर्ट संदेशों को प्राप्त करने के लिए अपने आधार प्रमाणित मोबाइल नंबर को अपडेट करने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><>

सचिवालय के आवास एवं संपदा अनुभाग ने सत्र 2024–25 के लिए सामान्य पूल के अंतर्गत सरकारी आवास के आवंटन के लिए नए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए थे। वरिष्ठता सूची के आधार पर खाली पड़े सरकारी आवासों को AAGA पोर्टल के माध्यम से आवंटित किया गया था। विभाग ने कहा है कि बाहरी स्थानों से स्थानांतरित या प्रारंभिक नियुक्ति पर आए सरकारी कर्मचारियों ने "आवास आवंटन अंडमान निकोबार प्रशासनिक आवास–सामान्य पूल नियम, 2004" के अनुसार सरकारी आवास के आवंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए हैं। संबंधित डी डी ओ और एच ओ ओ द्वारा सत्यापित ऑनलाइन आवेदनों के आधार पर श्रेणीवार वरिष्ठता सूची तैयार की गई है। कर्मचारियों की जानकारी के लिए यह सूची ए ए जी ए पोर्टल पर उपलब्ध है। आवेदक अपनी वरिष्ठता से संबंधित दावे और आपत्तियां प्रकाशन के तीन दिनों के भीतर सहायक सचिव को पेश कर सकते हैं, नहीं तो वरिष्ठता सूची को आगे के आवंटन के लिए अंतिम माना जाएगा।

<><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा है कि देश के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दस उपग्रह लगातार काम कर रहे हैं। मणिपुर के इम्फाल में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के पांचवे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमें अपने सात हजार किलोमीटर लंबे तटीय क्षेत्र की निगरानी करनी होगी। श्री नारायणन ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन उपग्रह के माध्यम से कृषि, चिकित्सा, मौसम पूर्वानुमान और रणनीतिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सेवाएं दे रहा है।

<><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जून–2025 टर्म एंड परीक्षा के लिए असाइनमेंट, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, फील्ड वर्क जर्नल, शोध प्रबंध और इंटर्नशिप रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तिथि इक्कतीस मई तक बढ़ा दी है। छात्र इग्नू की वेबसाइट से टर्म–एंड परीक्षा के लिए संशोधित तिथि देख सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इग्नू के श्री विजयपुरम स्थित क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><>